प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन का करेंग उद्घाटन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा।
2. मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित वन रक्षकों, वन्यजीव रक्षकों और जूनियर इंजीनियरों को बांटे नियुक्ति पत्र।
3. उनहत्तर हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती के मामले में नये सिरे से चयन सूची तैयार करने के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक।
4. बहराइच में वन विभाग को एक और भेड़िये को पकड़ने में मिली कामयाबी : छठे भेड़िये की तलाश में 20 से ज्यादा टीमें मुस्तैद। और
5. मथुरा के बरसाना में कल धूमधाम से मनाया जाएगा राधारानी का जन्मोत्सव : सोने की पालकी में विराजेंगी राधारानी, हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल ग्रेटर नोएडा में तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ग्रेटर नोएडा पहुंच कर सम्मेलन की तैयारियों को परखा और अधिकारियों को

जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस सम्मेलन का आयोजन शेपिंग द सेमीकंडक्टर फ्यूचर विषय पर किया जा रहा है। तीन दिन के सम्मेलन में भारत की सेमीकंडक्टर नीति पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य देश के सेमीकंडक्टर क्षेत्र को बढ़ावा देना और भारत को इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिस्पर्धी के रूप में स्थापित करना है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 647 वन रक्षकों, वन्यजीव रक्षकों और 41 जूनियर इंजीनियरों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के भक्त भोगी हैं। अगर वन्य जीव रक्षक ईमानदारी के साथ अपना कार्य करेंगे तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन्य जीव और मानव में संघर्ष के कारण जनहानि हो रही है। इसको रोकने के लिए इलेक्ट्रिक और सोलर फेंसिंग की जा सकती है। इसमें वन्य जीव संरक्षक अहम भूमिका निभा सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 137वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर

माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद वल्लभ पंत ने अविभाजित उत्तर प्रदेश के लिए और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जो काम किए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे।

---

प्रदेश में उनहत्तर हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती के मामले में नये सिरे से चयन सूची तैयार करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लग गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने कल इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी करते हुए अन्तरिम आदेश में नये सिरे से लिस्ट तैयार करने को फिलहाल टालने का आदेश दिया है। शोर्ष अदालत में इस मामले की अगली सुनवाई तेइस सितम्बर का होगी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करने वालों और राज्य सरकार तथा बेसिक शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर के अपना पक्ष रखने को कहा है।

---

राज्य सड़क परिवहन निगम की समूह ख और समूह ग के पदों पर भर्तियां अब आयोगों के माध्यम से होंगी। समूह ख के रिक्त पदों पर भर्तियां उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग और समूह ग की भर्तियां उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन

आयोग करेगा। इस सम्बन्ध में कल कैबिनेट बाई सर्कुलर के माध्यम से परिवहन विभाग के प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। परिवहन निगम में समूह ख के एक सौ सतासी और समूह ग के उन्नीस हजार एक सौ तैंतालीस पद हैं। इसके साथ ही कैबिनेट बाई सर्कुलर के जरिये नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। इस योजना के लिये ग्राम समाज की भूमि निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी।

---

लखनऊ में चल रहे 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर के दूसरे दिन भी प्रतिस्पर्धाओं का दौर जारी रहा। इस आयोजन में देश भर से पुलिस बलों के 1451 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत रेसलिंग, हंड रेसलिंग, बॉडी बिल्डिंग और बॉक्सिंग की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। एसएसबी के कमांडेंट हरि प्रकाश ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बलों के खिलाड़ियों को वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए तैयार करना है। बाइट.....

*ये basically हम लोग जो sports promote करने के लिए forces के अंदर और जो talent है ताकि नए बच्चे आगे जाए और international level पे वो अपना देश का नाम रोशन करे उसके लिए main purpose इसका ये है जो boxing का event में हम बात करे तो यहाँ पर boys और girls दोनों में हमारे boxers है ये जो हम recruit करते हैं ये sports quota से हम। हम लोग लेते है और वो उन्हीं को लेते हैं जो already कुछ ना कुछ किसी level पे achievement है*

*उनका और state level पे national level पे वो already gold medalist है silver medalist है और उनको फिर हम promote करते हैं ताकि वो international level को represent India को represent कर सके तो एक तरह से ये हम लोगों के लिए एक nursery है हर एक forces में एक nursery है जो की international player तैयार करता है।*

—————————

**वन विभाग की टीमों ने बहराइच में एक और भेड़िये को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। वन विभाग ने क्षेत्र में हमला करने वाले 6 भेड़ियों के झुंड से पांच भेड़ियों को अब तक पकड़ने में कामयाबी हासिल की है और उन्हें गोरखपुर चिड़ियाघर भेज दिया गया है।डिप्टी रेंजर दीपक सिंह ने बताया कि महसी तहसील क्षेत्र के सिसैया चूड़ामणि गांव में पकड़ा गया भेड़िया मादा है और उसकी उम्र करीब पांच वर्ष है। पिछले कुछ महीनों में बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों के हमले में 9 बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग की 20 से अधिक टीमें ड्रोन कैमरों की मदद से भेड़ियों के झुंड की तलाश कर रही हैं। सरकार ने इलाके में भारी पुलिस बल के साथ–साथ पीएसी और वन टीमें तैनात कर दी हैं।**

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आगरा में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय चिंतन शिविर आज संपन्न हो गया। चिंतन शिविर के अंतिम दिन भिक्षावृत्ति में लगे लोगों के पुनर्वास, विमुक्त, घुमंतू और अर्ध–घुमंतू समुदायों के कल्याण और टांसजेंडर के पुनर्वास पर विभिन्न सत्रों में मंथन हुआ। शिविर के समापन सत्र में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की योजनाओं का लाभ देश के सभी राज्यों तक पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि इस चिंतन शिविर के माध्यम से राज्यों में सामाजिक न्याय, अधिकारिता और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कामों के बारे में जानकारी मिली। श्री कुमार ने कहा कि चिंतन शिविर में अनुसूचित जाति और दिव्यांग छात्रों के लिए संचालित

छात्रवृति योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी।

———————

मथुरा के बरसाना में कल राधारानी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए आज से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचने लगे हैं। प्रशासन की ओर से 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को साथ न लाने का अनुरोध किया गया है। राधारानी जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए पहुंचे श्रद्धालु बरसाना में रोप–वे से दर्शन कर रहे हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट –

*श्रीजी राधा रानी के जन्मोत्सव के लिए बरसाना में राधा रानी के महल को खास फूलों से सजाया गया है। 11 सितंबर की रात्रि दो बजे मंदिर परिसर में मंगल बधाई गायन शुरू होगा। सुबह 4:30 बजे मंगला आरती, सुबह 5 बजे जन्मोत्सव दर्शन, सुबह साढ़े पांच से साढ़े छह बजे तक विशेष महाभिषेक होगा। राधा रानी, महाभिषेक के बाद शीश महल में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगी। 11 सितंबर की शाम को राधा रानी को सोने से बनी पालकी में विराजमान कर मंदिर के पुजारी महल से नीचे बनी सफेद छतरी में लाएंगे। इस दौरान राधा रानी पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। जिला प्रशासन और पुलिस ने मेला क्षेत्र में 48 पार्किंग स्थल और 86 बैरियर बनाए हैं। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए 52 सीसीटीवी लगाए गए हैं। भक्तों की सुविधा के लिए 120 बसों और 20 इलेक्ट्रिक सिटी बसें चलाई जा रही हैं। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

---

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रा के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख को 23 सितंबर 2024 तक बढ़ा दिया है। पहले यह तिथि 9 सितंबर 2024 तक थी।

(समाप्त)